# लकड़ी की पुन:सज्जा और विनिर्माण

वर्षा जल को दूषित होने से बचाकर
अपने जलीय पर्यावरण का संरक्षण करें





वर्षा जल निकासी नालियों के चिह्नक हमें याद दिलाते हैं कि हम सब अपने आसपास के पर्यावरण से जुड़े हुए हैं।

## संदूषकों के फैलाव की रोकथाम

संदूषक–फैलावों को हर हाल में वर्षा जल निकास प्रणाली में जाने से रोका जाना चाहिए। सॉल्वेंट और थिनर ज्वलनशील होते हैं और वे हमारे सीवरों में विस्फोटक दशाएं उत्पन्न कर सकते हैं और इन्हें कभी भी किसी सीवर अथवा प्लंबिंग संरचना में नहीं जाने दिया जाना चाहिए। लकड़ी का मलबा, पेंट और अन्य रसायन विषाक्त अथवा पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकते हैं और इन्हें किसी भी हाल में वर्षा जल निकास प्रणाली में नहीं जाने दिया जाना चाहिए।

संदूषक फैलाव की घटना के लिए तैयार रहने हेतु, एक संदूषक फैलाव प्रतिक्रिया योजना तैयार करें जिसमें ऐसी अवषोषक सामग्री से युक्त एक किट हो जो आपके केंद्र द्वारा प्रयोग किए जाने वाले उत्पादों के लिए उपयुक्त हो। संदूषक फैलाव प्रतिक्रिया योजना का पालन करने के बारे में अपने कर्मचारियों को प्रषिक्षित करें।

पर्यावरण में दुर्घटनावष किसी संदूषक–फैलाव होने की स्थिति में तत्काल **प्रोविन्षियल इमरजेंसी प्रोग्राम (PEP)** से **1.800.663.3456** पर सम्पर्क करें। यदि वह रसायन ज्वलनषील है, विषाक्त है, क्षयकारी है अथवा अन्य खतरनाक विषेषताओं वाला है तो **सरी फायर डिपार्टमेंट** से तत्काल **911** पर सम्पर्क करें।

वर्षा जल निकास प्रणाली को दूषित करने के लिए जिम्मेवार किसी भी व्यक्ति को निम्नलिखित पर्यावरणीय कानूनों के अन्तर्गत उत्तरदायी ठहराया जा सकता है:

- फ़ेडरल फिषरीज़ एक्ट
- BC हैज़र्डस वेस्ट रेग्यूलेषन
- BC इन्वाइरन्मेंटल मैनेजमेंट एक्ट
- सरी बाई–लॉ नं. 16610

## अधिक जानकारी के लिए

RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन
**604.732.9253**

प्रोडक्ट केअर एसोसिएषन
**604.592.2972**
www.productcare.org

मैट्रो वैंकूवर सोर्स
एयर क्वालिटी एंड सोर्स कंट्रोल
**604.436.6777**

सिटी ऑफ सरी
ड्रेनेज एण्ड इन्वाइरन्मेन्ट सेक्षन
**604.591.4321**

सरी फायर डिपार्टमेंट
**604.543.6760**

BC मिनिस्ट्री ऑफ इन्वाइरन्मेन्ट
**604.582.5200**

यदि आप किसी वर्षा जल निकास नाली में कोई संदूषक–फैलाव अथवा रसायन धुलते हुए देखें तो कृपया सिटी ऑफ सरी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से **604.590.7226** पर संपर्क करें, सायं 4:30 बजे के बाद **604.591.4431** पर।

www.surrey.ca

CITY OF SURREY



# लकड़ी के फर्नीचर की पुनःसज्जा और विनिर्माण

भराव सामग्री, सील करने की सामग्री, अभिरंजक, शलैक (षल्क–लाक्षा), वार्निष, रोगन, पेंट, सॉल्वेंट (विलायक), थिनर, पेंट रिमूवर, और एडहेसिव केवल कुछ सामग्रियां हैं जिनका प्रयोग आमतौर पर लकड़ी के उत्पादों की पुनःसज्जा एवं विनिर्माण कार्यों में किया जाता है। ये सभी पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकते हैं और इन्हें किसी भी हाल में वर्षा जल निकास प्रणाली में नहीं जाने दिया जाना चाहिए। वर्षा जल निकास नालियां वर्षा जल को बिना उपचारित अवस्था में ही स्थानीय छोटी नदियों और जलधाराओं में पहुंचा देती हैं। सरे में 1500 किलोमीटर से अधिक की खुली छोटी नदियां और जलधाराएं हैं। ये छोटी नदियां और जलधाराएं जलमार्गों का एक महत्वपूर्ण नेटवर्क बनाती हैं जो सैमन, ट्राउट, और अन्य जलजीवों के लिए प्राकृतिक वास स्थल प्रदान करता है।

इस जानकारी का प्रयोग किसे करना चाहिए?

- फर्नीचर की पुनःसज्जा करने वाले
- फर्नीचर विनिर्माता
- कैबिनेट और शेल्फ विनिर्माता
- लकड़ी की दुकानें
- लकड़ी की सज्जा करने वाले



## श्रेष्ठ प्रबंधन कार्यप्रणालियां

प्रदूषकों को वर्षा जल निकास प्रणाली में, और वहां से होते हुए अंततः हमारी जलधाराओं और छाटी नदियों में प्रवेष करने से रोकने के लिए कृपया निम्नलिखित कार्यप्रणालियों का पालन करें:

- मौजूदा सज्जा को हटाने में सॉल्वेंट का प्रयोग करने से बचें। इसके बजाए यांत्रिक विधियों का इस्तेमाल करें जैसे कि हाथ से छिलके उतारना, कोई हीट गन अथवा बिजली की रेती।
- ऐसे रासायनिक अथवा मैकेनिकल पेंट खुरचनों के अवषेष, पेंट, पेंट की चिप्स और पेंट की धूल जिनमें सीसा, पारा, ट्राइब्यूटाइल टिन अथवा अन्य खतरनाक अथवा घुलनषील योगिक हों, को इन्वाइरनमेन्ट मैनेजमेन्ट एक्ट के अंतर्गत "विषेष अपषिष्ट" माना जाता है और इनके लिए विषेष निपटान की आवष्यकता होती है। निपटान संबंधी आवष्यकताओं के लिए की BC मिनिस्ट्री ऑफ इन्वाइरन्मेन्ट से संपर्क करें।
- जब भी संभव हो, साइट्रस आधारित पेंट रिमूवर प्रयोग करें। ये परत हटाने वाली अन्य रासायनिक सामग्रियों से कम विषाक्त होते हैं।
- ब्रुश अथवा अन्य रंग लगाने के औजारों को ऐसे स्थान पर साफ न करें जो किसी वर्षा जल नाली में मिलता हो।
- जल आधारित पेंटों के मामले में, जहां तक हो सके ब्रुष को साफ करें और ऐसे स्थान पर धोएं जो सेनिटरी सीवर से जुड़ा हो।
- तेल आधारित पेंटों के मामले में, ब्रुष के पेंट को यथासंभव पूरी तरह से थ्नकाल दें। थिनर से साफ करें और फिर थिनरों और सॉल्वेंट को फिल्टर करके फिर से उपयोग करें।
- उपयोग किए जा चुके सॉल्वेंट और थिनर हर हाल में एकत्र किए जाने चाहिए और किसी भी वर्षा जल नाली, प्लंबिंग संरचना में नहीं जाने देने चाहिए और कूड़े में नहीं निपटाए जाने चाहिए।
- बचे हुए पेंटों, सॉल्वेंट और अन्य अन्य कचरे को एकत्र करें; बचे हुए पेंट को अगले काम में इस्तेमाल करें अथवा उपयोग के लिए दान में दे दें। निकटतम पेंट और सॉल्वेंट एकत्रण डिपो का पता करने के लिए RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन पर संपर्क करें।
- पुनःसज्जा और विनिर्माण कार्यों से जिन जगहों पर धूलि एकत्र होती है वहां आवष्यकतानुसार झाड़ू लगाएं। हवा में धूलि जाने को न्यूनतम करने तथा दक्षतापूर्वक धूलि हटाने के लिए पावर वैक्यूम क्लीनर और स्वीपर का इस्तेमाल करें।
- लकड़ी की छिप्टियां, कतरनें अथवा अन्य कचरे को झाड़ू से साफ करके ऐसी जगहों पर न डालें जहां से वह वर्षा जल निकास प्रणाली में जा सके।
- कर्मचारियों को कोटिंग को सही तरीके से लगाने, रसायनों के इस्तेमाल और कचरे के संचालन की तकनीकों के बारे में प्रषिक्षित करें। कोटिंग की बरबादी को न्यूनतम करने के लिए उन्हें सटीक थिनर और पेंट अनुपात की गणना करने के लिए षिक्षित करें।